श्री शत्रुंजय कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा दिनांक–14.12.2022 (बुधवार) को 04:00 बजे अपराह्न में Sparow System से E-PAR अभिलेखन हेतु Video Conferencing के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः

1. **श्री शत्रुंजय कुमार मिश्र,**
   संयुक्त सचिव
2. श्री संजीव रंजन,
   सहायक

Video Conferencing के माध्यम से जुडे हुए अंचल/कार्य प्रमण्डल का नामः–

कार्य प्रमण्डल, हिलसा/ पालीगंज/सासाराम–1/सासाराम–2/नीमचक बथानी/शेखपुरा/लखीसराय/बांका–2/झाझा/वीरपुर/वायसी/झंझारपुर/शिवहर/सोनपुर/जयनगर/गोपाल गंज–2/मोतिहारी

कार्यवाही

बिहार अभियंत्रण सेवा संवर्ग एवं बिहार अवर अभियंत्रण सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों के Sparrow System के तहत E-PAR अभिलेखन के कार्यो के प्रगति की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि बार–बार निदेश दिये जाने एवं स्मारित किये जाने के बावजुद कुल 34 कार्य प्रमण्डल एवं 01 कार्य अंचल से कुल 106 कनीय अभियंताओं से संबंधितं वांछित आँकडा/सूचना अप्राप्त है। इस कारण इनका आँकडा NIC को नहीं भेजा जा सका है। इस समस्या के निराकरण हेतु संबंधित कार्यालयों से बातचीत करने के लिए दिनांक–14.12.2022 को अपराह्न 4:00 बजे Video Conferencing माध्यम से एक समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसकी सूचना सभी अंचलों/सभी कार्य प्रमण्डलों को Whatsapp Group में दी गई।

आज की समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा E-PAR अभिलेखन के संबंध में कार्य प्रमण्डलों/कार्य अंचलों से बात की गई। इस क्रम में कुल 17 कार्य प्रमण्डलों से सम्पर्क कायम हो सका। इन कार्य प्रमण्डलों को पूर्व में दिये गये निदेश का स्मरण कराते हुए कहा गया कि उनके कार्यालय में पदस्थापित जिन सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंताओं का E-PAR अभिलेखन हेतु डाटा बेस तैयार करने के लिए वांछित सूचना/आँकड़ा विहित प्रपत्र में विभाग/मुख्यालय को अबतक उपलब्ध नहीं कराया गया है, उसे 24 घंटे के अन्दर निश्चित रूप से उपलब्ध करा दिया जाय।

बातचीत के क्रम में कुछ कार्य प्रमण्डलों द्वारा यह बताया गया है कि उनके स्तर से कुछ पदाधिकारियों का आँकड़ा आज मेल पर मुख्यालय को भेजा गया है। संबंधित सहायक श्री संजीव रंजन को इस क्रम में यह निदेश दिया गया कि आज जो आँकड़ा मेल पर प्राप्त हुआ है, उसे संग्रहित कर NIC को कल पूर्वाह्न तक भेजना सुनिश्चित करें।

आज की समीक्षा बैठक में कार्य अंचल, पुर्णियाँ एवं 17 कार्य प्रमण्डल (कार्य प्रमण्डल, **हरनौत, भभुआ, डुमरॉव, दाउदनगर, औरंगाबाद, कटिहार, मधेपुरा, त्रिवेणीगंज, सहरसा, वारसोई, किशनगंज, अररिया, बगहा–1, महुआ, मुजफ्फरपुर पूर्वी–2, रोसड़, दरभंगा–2**) के पदाधिकारी/प्रतिनिधि बैठक में नहीं जुड सके है, उनसे दूरभाष से सम्पर्क स्थापित कर वांछित आँकड़ा/सूचना प्राप्त करने का निदेश संबंधित सहायक, श्री संजीव रंजन को दिया गया।

संबंधित कार्य प्रमण्डलों को E-PAR अभिलेखन के महत्व से अवगत कराते हुए यह बताया गया कि सरकार द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का निदेश दिया गया है तथा मुख्य सचिव द्वारा इसके प्रगति की समय–समय पर समीक्षा की जा रही है। इसलिए वांछित आँकड़ा अविलम्ब उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस कार्य में सबों का सहयोग अपेक्षित हैं।

अतः में Video Conferencing से जुड़ने वाले सभी पदाधिकारियों को प्रेरित करते हुए बैठक में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया गया।

(शत्रुंजय कुमार मिश्र)
संयुक्त सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांक–4/अ०प्र०–01–24/2001 7192 /पटना, दिनांकः 14/12/21

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव/ अभियंता प्रमुख/सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–1, 4, 5, 6/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार संयुक्त सचिव